आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- उन्याासिवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल प्रधानमंत्री दिल्ली के लाल किले से राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे–द्वीपसमूह में मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।
- प्रशासन की ओर से महिलाओं के लिए 'सार्थिनी' नामक एक नई योजना की शुरूआत की गई है।
- राष्ट्रीय खेल दिवस के सिलसिले में उन्नीस अगस्त से सप्ताहव्यापी खेल गतिविधियों के आयोजन किए जाएंगे।

<><><><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित होगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

<><><><><><><><><>

देश कल उनासिवाँ स्वतंत्रता दिवस मनाएगा, जिसकी अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रतिष्ठित लाल किले से करेंगे। प्रधानमंत्री इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। इस बीच, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देश में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। "हर घर तिरंगा अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इस अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत शुरू किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने लोगों से घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आह्वान किया था।

<><><><><><><><><>

पूरे देश के साथ कल द्वीपों में भी उन्यासिवां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष, एडमिरल डी. के.

जोशी, सुबह नौ बजकर चौदह मिनट पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराएंगे। इसके बाद उपराज्यपाल सलामी गारद का निरीक्षण करेंगे तथा पदक, वीरता पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उपराज्यपाल का द्वीपवासियों के नाम संबोधन होगा। मुख्य समारोह के लिए नेताजी स्टेडियम पहुँचने से पहले, उपराज्यपाल राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल जाएँगे और शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। वे सेलुलर जेल में राष्ट्रीय ध्वज भी फहराएँगे। इस समारोह के सुचारू संचालन के लिए यातायात के विशेष प्रबंध भी किए गए हैं।

<><><><><><><>

कार निकोबार जिला प्रशासन ने आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति, एकता और गौरव की भावना को बढ़ावा देना है, साथ ही भारत के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए बलिदानों का सम्मान करना है। अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें एडवर्ड कच्छट पार्क से गांधी चौक होते हुए प्रियदर्शनी हॉल तक जिला स्तरीय ध्वज यात्रा और बाइक रैली, प्रियदर्शनी हॉल में तिरंगे के साथ सेल्फी और हस्ताक्षर अभियान, कार निकोबार ज़िला उपायुक्त कार्यालय में कैनवास पर चित्र बनाना और तिरंगा प्रश्नोत्तरी शामिल थे। इस अवसर पर जिला उपायुक्त अमित काले ने कहा कि तिरंगा हमारी विविधता में एकता का प्रतीक है। आज क्षेत्र के स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक और उसके ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से प्रशासन की ओर से 'सार्थिनी' नामक एक नई योजना तैयार की गई है। इस योजना का शुभारंभ हाल ही में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने किया। इस योजना के तहत द्वीप समूह की पात्र महिलाओं को मुफ्त हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी जिलों में आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की इच्छुक महिला उम्मीदवार परिवहन विभाग या एसबीआई के आरसेती कार्यालयों में अपना आवेदन जमा कर सकती हैं। 30 दिनों की अवधि का यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। प्रत्येक बैच में 25 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आवेदन का प्रारूप परिवहन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए आर सेती के मेल पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग से, 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाएगा। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर खेल विभाग की ओर से एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किए जाएंगे। यह गतिविधियां उन्नीस अगस्त से आयोजित की जाएगी। इस संबंध में, इच्छुक प्रतिभागी और संबंधित टीम 18 अगस्त तक सभी कार्य दिवसों में सुबह 9.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक फोन पर अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के सहयोग से हाल ही में लिटिल अंडमान के विवेकानंदपुर में "चारा खेती" पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य किसानों को स्थानीय कृषि परिस्थितियों के अनुरूप वैज्ञानिक चारा उत्पादन तकनीकों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विवेकानंदपुर के प्रधान परिमल मंडल ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने चारा उत्पादन के लिए नियंत्रित अंतर–फसल विधियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पशुपालन विभाग से पंचायत भवन में मुर्गीपालन और बत्तख के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ने क्षेत्र में पशुधन के स्वास्थ्य और उत्पादकता को बढ़ावा देने में चारा उत्पादन के महत्व के बारे में बताया। प्रतिभागियों में उपकरणों का भी वितरण किया गया।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय में पूर्व चैंपियन एथलीटों से खेलो इंडिया केंद्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए होने वाली नियुक्ति के लिए पच्चीस हजार रूपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि को अब बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और राज्य पोर्टल पर उपलब्ध है ।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सीटों के अलावा कुछ सीटें रिक्त हैं। प्रवेश के लिए परामर्श 20 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत, दक्षिण अंडमान की जिला स्वास्थ्य समिति ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से बुनियादाबाद में एक जागरूकता–सह–जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान कुल उनसठ लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके अलावा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता आईडी और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना स्वास्थ्य कार्ड भी बनाए गए। शिविर में टीबी की रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार के पालन के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ–साथ गैर–संचारी रोगों पर रोग लगाने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

उन्यासिवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाल किले के प्राचीर से ध्वजा रोहण करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने जबकि द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी द्वारा नेताजी स्टेडियम में ध्वजारोहण करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रमुखता देते हुए प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ पहल के तहत रंगत में मानसून टूर्नामेंट आयोजित करने के समाचार को, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने सांसद के लैंड कन्वर्जन और डाइसर्वन के समाचार को प्रमुखता दी है। गर्ल्स स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान आयोजित करने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

**<><><><><><><>**